हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय
न्यू सेन्ट्रल होप टाउन, बायोंखाला, शीशमबाड़ा, देहरादून, पिन–248197 उत्तराखण्ड, भारत
वेबसाईटः www.hnbumu.ac.in ईमेलः vchnbumu2@gmail.com

पत्रांकः 1043 दिनांकः 18.08.2026

विज्ञप्ति

हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय न्यू होप टाउन सेलाकुई के कार्य संचालन हेतु शासन द्वारा सृजित पदों पर, प्रतिनियुक्ति के आधार पर स्थायी नियुक्ति होने तक अथवा 01 वर्ष (जो भी पहले हो) तक, उत्तराखण्ड राज्य के विभिन्न शासकीय विभागों/विश्वविद्यालयों में कार्यरत नियमित कार्मिकों से निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र विज्ञापन की तिथि से दिनांक 19 सितम्बर 2026 तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट एवं ई.मेल के माध्यम से आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक एवं अर्ह कार्मिक/अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन पत्र नियम–शर्तों आदि की विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट **https://hnbumu.ac.in** से प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की अपूर्ण एवं विलम्ब से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

कुलपति

विज्ञापित पदों का विवरण

क्रं सं0	पदनाम /स्वीकृत पदों का नाम	वेतनमान	प्रस्तावित पदों की संख्या	शैक्षिक अर्हता/अनुभव
1	2	3	4	5
1	सहायक कुलसचिव/ रिकार्ड लीगल	35400–112400 लेवल–06	01	शैक्षिक योग्यता– भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि। हिन्दी तथा अंग्रेजी भाषा का समुचित ज्ञान। अनुभव– राजकीय कार्यालय अथवा विश्वविद्यालय में हिन्दी तथा अंग्रेजी भाषा में पत्रलेखन तथा लेखानियमों का कार्य करने का कम से कम 07 वर्ष का अनुभव।
2	प्रशासनिक अधिकारी	44900–142400 लेवल–07	01	शैक्षिक योग्यता–उत्तराखण्ड राज्य में लिपिक संवर्ग हेतु प्रचलित नियमावली के अनुसार। अनुभव– उत्तराखण्ड राज्य के किसी भी राजकीय विभाग/विश्वविद्यालय में प्रशासनिक अधिकारी वेतनमान 44900–142400 लेवल–07 के पद पर कार्यरत हो अथवा प्रधान सहायक के पद वेतनमान (35400–112400 लेवल–06) में 03 वर्ष की सेवा पूर्ण कर कार्यरत हो।
3	लेखाकार	35400–112400 लेवल–06	02	शैक्षिक योग्यता–उत्तराखण्ड राज्य में लेखा संवर्ग हेतु प्रचलित नियमावली के अनुसार। अनुभव–उत्तराखण्ड राज्य के किसी भी राजकीय विभाग/विश्वविद्यालय में लेखाकार के पद वेतनमान (35400–112400 लेवल–06) में कार्यरत हो, अथवा सहायक लेखाकार पद वेतनमान 29,200–92,300 लेवल–05 पर 05 वर्ष की सेवा पूर्ण कर कार्यरत हो।
4	वरिष्ठ सहायक	29200–92,300 लेवल–05	02	शैक्षिक योग्यता–उत्तराखण्ड राज्य में लिपिक संवर्ग हेतु प्रचलित नियमावली के अनुसार। अनुभव–उत्तराखण्ड राज्य के किसी भी राजकीय विभाग/विश्वविद्यालय में वरिष्ठ सहायक के पद वेतनमान (29200–92300 लेवल–05) में कार्यरत हो अथवा कनिष्ठ सहायक पद वेतनमान 21700–69100 लेवल–03 पर 05 वर्ष की सेवा पूर्ण कर कार्यरत हो।

Vice Chancellor
HNB Uttarakhand Medical Education University
Dehradun

प्रतिनियुक्ति हेतु आवश्यक नियम एवं शर्तें

1. विज्ञापित पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है या किसी भी समय भर्ती प्रक्रिया पूर्णरूपेण स्थगित/समाप्त की जा सकती है। चयनित कार्मिक का वेतन तथा भत्ते इत्यादि समय–समय पर जारी शासनादेश के अनुसार होंगे।
2. प्रतिनियुक्ति हेतु शर्तें वित्त विभाग के शासनादेश संख्या 287698/XXVII(10)/E-77990/2025 दिनांक 01 अप्रैल 2025 से शासित होंगी।
3. रिक्त पदों पर सेवा स्थानान्तरण नियुक्ति प्रारम्भ में विश्वविद्यालय में स्थायी नियुक्ति होने तक अथवा 01 वर्ष की अवधि तक होगी, जो भी पहले हो तक होगी। कार्मिक के कार्य आंकल के आधार पर अधिकतम 03 वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा।
4. कार्मिक द्वारा उसे सौंपे गये कार्यो में शिथिलता बरतने, अनुशासनहीनता प्रदर्शित करने पर प्रतिनियुक्ति की अवधि बिना पूर्व सूचना के किसी भी समय समाप्त की जा सकती है।
5. वरिष्ठ सहायक पद हेतु हिन्दी एवं अंग्रेजी कम्प्यूटर टंकण का ज्ञान अनिवार्य है एवं समय–समय पर जारी शासनादेशों का ज्ञान एवं कम्प्यूटर पर आन–लाइन माध्यम से कार्य करने का ज्ञान होना चाहिए।
6. अधिक आवेदन प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय द्वारा गठित चयन समिति द्वारा लिखित परीक्षा/साक्षात्कार लिया जा सकता है, ऐसी स्थिति में श्रेष्ठता को आधार मानते हुए चयन की कार्यवाही की जायेगी।
7. आवेदन पत्र केवल निर्धारित प्रारूप पर ही मान्य होंगे, किसी अन्य प्रारूप पर मान्य नहीं होगे।
8. प्रतिनियुक्ति के आवेदन हेतु विभागाध्यक्ष/सक्षम स्तर का विभागीय अनापत्ति प्रमाण–पत्र संलग्न करना आवश्यक है अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
9. आवेदन को अपने सभी शैक्षिक अर्हताओं एवं अन्य अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
10. आवेदन पत्र के संलग्न किये गये वांछित अभिलेखों को मूल रूप में चयन/योगदान के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
11. आवेदन पत्र सक्षम अधिकारी की संस्तुति सहित अग्रसारित करवाकर प्रेषित करना होगा।
12. आवेदन केवल पंजीकृत डाक/पीड पोस्ट से ही स्वीकार होंगे। आवेदन कुलसचिव हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय न्यू होप टाउन सेलाकुई जनपद देहरादून के पते पर प्रेषित किये जायेंगे।
13. निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे एवं डाक में हुए विलम्ब हेतु विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।
14. किसी एक अथवा समस्त आवेदन पत्रों को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास होगा।

कुलपति

हेमवती नन्दन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय

देहरादून।

Vice Chancellor
HNB Uttarakhand Medical Education University
Dehradun

प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

1. आवेदित पद का नाम
2. आवेदक का नाम
3. माता का नाम
4. पिता/पति का नाम
5. जन्मतिथि
6. कर्मचारी कोड
7. दूरभाष/मोबाइल नम्बर
8. स्थायी पता
9. पत्राचार का पता (पिन कोड सहित)
10. कार्यालय का पता (पिन कोड सहित)
11. विभाग का नाम
12. प्रथम नियुक्ति तिथि एवं पदनाम
13. प्रथम नियुक्ति पर वेतन बैण्ड/लेवल
14. वर्तमान पदनाम एवं तैनाती तिथि
15. वर्तमान वेतन बैण्ड/लेवल (नवीनतम वेतन स्लिप संलग्न)
16. कुल सेवा अवधि
17. शैक्षिक योग्यता
18. संलग्नक अभिलेख/दस्तावेज
19. सेवा का इतिहास (सत्यापित)
20. नवीनतम 03 वर्षों की गोपनीय आख्या
21. विभागीय अनापत्ति प्रमाण–पत्र
22. संतोषजनक सेवा प्रमाण–पत्र
23. कोई जाँच लंबित न होने का प्रमाण–पत्र

घोषणा पत्र

मैं श्री/श्रीमती/कुमारी .....पुत्र/पति/पुत्री.....
.....घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त दी गई सभी सूचनाएँ सही एवं सत्य हैं एवं मेरे द्वारा कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि मेरे द्वारा प्रेषित सूचना में कोई तथ्य गलत पाया जाता है तो मेरा आवेदन निरस्त कर दिया जाए जिस हेतु मैं कोई वाद दायन नहीं करूंगा/करूंगी। हेमवती नन्दन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय का निर्णय अन्तिम एवं मुझे मान्य होगा।

दिनांक–

स्थान–

हस्ताक्षर–

आवेदक का नाम–

पदनामः–